an>

Title: Regarding forcibly taking over the land belonging to the Dalits of Banjara village of Agra district in Uttar Pradesh.

श्री बाबूलाल चौधरी (फतेहपुर सीकरी) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे एक अति महत्वपूर्ण विÂ◌ाय पर बोलने का अवसर दिया। मैं फतेहपुर सीकरी संसदीय क्षेत्र से आपकी कृपा से सांसद हूं। आगरा जनपद में 5 मई, 2015 को दलितों के गांव बंजारा का पुरा में दबंग लोगों द्वारा उनकी जमीनों पर कब्जा करने के लिए 100-150 लोग गए। ट्रैक्टरों से उन्होंने उन गरीबों की जमीनों को जोतने का काम किया। जब गरीब लोग अपनी जमीन बचाने के लिए आए तो उन्हें बुरी तरह से मारा-पीटा गया। इस कारण करीब 15 लोग घायल हुए, जिनमें महिलाएं भी हैं। उनके खिलाफ मु.अ.सं. 33/15 धारा 147, 148, 149, 307, 323, 554, 427, 536, 552 और 506 के तहत थाना शमशाबाद में मुकदमा दर्ज हुआ है। लेकिन 5 मईन से लेकर आज तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुरा बंजारा के गरीबों के खिलाफ ...□ दबंग लोगों ने सत्ता के दबाव में उनके खिलाफ क्रॉस केस दर्ज करा दिया है।

माननीय अध्यक्ष: नाम रिकार्ड में नहीं जाएगा।

श्री बाबूलाल चौधरी : मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि उन दबंग लोगों की तुरंत गिरफ्तारी की जाए और गांव में सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात की जाए और जो केस गरीबों (बंजारों) के खिलाफ दर्ज कराया गया है, उसे खत्म किया जाए। सब लोग गांव छोड़कर भाग चुके हैं, मेरा आपसे अनुरोध है कि उन लोगों को पुनः गांव में बसाया जाए।